[The Deputy Chairman]

Members here want to make their contribution.

THE SICK INDUSTRIAL COMPANIES (SPECIAL PROVISIONS) AMENDMENT BILL, 1992—Contd.

[The Vice-Chairman (Shri M. A. Baby) in the Chair]

THE VICE-CHAIRMAN (Shri M. A. Baby): Members, please cooperate. (IntemptionsQ We shall now take up the Sick Industrial Companies (Special Provisions) Amendment Bill, 1992—Shri Digvijay Singh.

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जो बिल वित्त राज्य मंत्री जी ने सदन के सामने रखा है, वह बिल आम समय में इस सदन के लिए और हमारे लिए मान्य होता और हम शायद इस पर कोई ज्यादा ऐतराज नहीं करते, लेकिन जिस माहौल में यह बिल रखा जा रहा है या पूरे देश में और देश के बाहर यह फिजा बनाई गई है कि शायद हिन्दुस्तान में अब पब्लिक सैक्टर्स का, सरकारी उपक्रमों का कोई भविष्य नहीं बचा है, वैसी हालत में इस बिल के बारे में मुझे थोड़ी चिन्ता होती है कि अब तक "बाइफर" का काम सिर्फ था कि जो प्राइवेट सेक्टर के उद्योग थे उनकी देखभाल करना, लेकिन अब इस बिल के तहत पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग के काम को भी देखने का जिम्मा उसे सौंपा गया है और यह बात तब और भी गंभीर हो जाती है जब रोजाना हम अखबारों में पढ़ते हैं कि फलां पब्लिक सेक्टर का भविष्य अधर में लटक रहा है। कल के अखबार में बड़ी लम्बी खबर आई कि एच०ई०सी० का भविष्य अधर में लटक रहा है। एच० ई०सी० का जब जिक्र होता है तो मुझे पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का यह बयान याद आता है जो उन्होंने इसका उद्घाटन करते समय कहा था कि "यह हिन्दुस्तान का वह मंदिर है जहां सारे देश के श्रमिक, सारे देश के उद्योगपति, जहां सारा देश जाकर पूजा करेगा।" हिन्दुस्तान का सबसे महान मंदिर बताने वाले भारत के प्रथम प्रधान मंत्री के उस उपक्रम का आज हाल यह हो रहा है कि अखबारों में रोजाना छप रहा है कि उसका भविष्य अधर में लटका हुआ है। और यह बात सच्चाई में भी है। आज एच०ई०सी० को जाकर देखें हम और आप, इस सदन में एक लम्बी बहस उस पर हो चुकी है कि एच०ई० सी० का भविष्य क्या है—हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन का ? इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा, उनसे अर्ज चाहूंगा कि आप किस उद्देश्य से यह बिल लेकर इस सदन में आए हैं ? "बाइफर" का 1985 से 1992 तक के पिछले 7 सालों के कामों का अगर आप ब्यौरा देखें तो आपको अंदाजा लग सकता है कि वह ब्यौरा कैसा रहा है ? आखिर उद्योग किस तरह से इस देश में बीमार होते गए ? कौन लोग उसके जिम्मेदार हैं ? और अगर आपने "बाइफर" को बनाया, बहुत से लोग कहते हैं कि "बाइफर" नर्सिंग होम हो गया है, बहुत से लोग कहते हैं कि 'बाइफर" यहां के उद्योगपतियों के लिए एक अच्छा नर्सिंग होम तैयार किया गया है जहां उन्हें राहत दी जाती है। लेकिन "बाइफर" बनाते समय लोगों के मन में एक ही मंशा थी कि जो उद्योग किसी वजह से पूंजीपति के चलते या वहां पर किसी श्रमिक आन्दोलन के चलते या वहां पर कोई और माहौल बन गया कि जिसके चलते वे उद्योग बर्बाद हो गए, तो लोगों का फिर से उस उद्योग के प्रति विश्वास स्थापित करने के लिए सरकार ध्यान देगी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से "बाइफर" के बारे में मैं एक ही बात देखता हूं, एक ही बात

सोचता हूं कि "बाइफर" को बार-बार इस देश के सरकारी तंत्र के द्वारा, इस देश के जो लोग हुक्मरान रहे उनके द्वारा, एक ऐसी फिजा में "बाइफर" को घेरा गया जहां "बाइफर" मर्ज का इलाज करने का नहीं रहा, बल्कि जो यूनिटें यहां जा रही हैं, जिन उद्योगों को यहां भेजा जा रहा है यह देखने के लिए कि उनको फिर से पुनर्जीवित किया जा सकता है या नहीं, वे उद्योग करीब-करीब "बाइफर" के पास जाकर या तो रुक जाते हैं या अगर बहुत प्लान-वीन और पैरवी या कोशिश हुई तो कुछ उद्योगों को जीवित करने का प्रयास किया जाता है । मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं मंत्री जी को कि "बाइफर" बनाते समय एक ही मंशा थी कि मरीज कितना भी तंग क्यों न हो मरीज की हालत कितनी भी खराब क्यों न हो "बाइफर" वह डाक्टर बनाने की कोशिश की गई थी जहां पर, विश्वास होने हुए भी कि कैंसर का इलाज कोई है या नहीं है ...

बी०आई०एफ०आर० वह डाक्टर बनाने की कोशिश की गई थी जहां यह विश्वास होता है कि कैंसर का कोई इलाज है या नहीं है, फिर भी एक विश्वास और दिलासा लोगों के मन में दिलाने का काम वह डाक्टर करे कि मरीज को हम अच्छा कर सकेंगे । लेकिन बी०आई०एफ०आर० अपनी उस भूमिका का निर्वाह नहीं कर पाया है । जो लोग बी०आई०एफ०आर० में हैं, वह एक तरह से सरकारी कर्मचारियों का यतीमखाना बनता जा रहा है । जो सरकारी कर्मचारी दिल्ली से बाहर नहीं जाता उसको बी०आई०एफ०आर० में रख दिया जाता है । मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वे जरा उन लोगों के नाम बताएं जो बी०आई०एफ०आर० में है । क्या भारत सरकार के वे सचिव जो दिल्ली में रहना चाहते हैं, मैं उनका नाम लेकर भी गिना सकता हूं तीन सचिवों को जिनको भारत सरकार ने उनके पुराने कैडर में भेजने की कोशिश की, परंतु वह लोग अपने पुराने कैडर में दूसरे सूबों में, राज्यों में जाने के बजाय बी०आई० एफ०आर० में अपने को शरणागत कर रहे हैं, क्योंकि किसी भी तरह से दिल्ली में रहने की उनकी गुंजाइश हो जाए . . . (व्यवधान) अब यतीमखाने तो उसमें भी बना अच्छा है । तो यह जो दया के पात्र के पदाधिकारी हैं, उनको बी०आई०एफ० आर० में न रखा जाए । बी०आई०एफ० आर० बनाने के पीछे जो मंशा थी, उस मंशा को पूरा किया जाए । उन लोगों को आप बी०आई०एफ०आर० में ले आएं, सचमुच में जिनका वास्ता, जिनका दिलो-दिमाग सही हालत में भारत के बीमार उद्योगों को पुनः जीवित करने में आस्था रखता है । इसलिए ऐसे पदाधिकारी, मैं यह नहीं कहता कि आप पदाधिकारी मत रखिए, आपने पिछली बार वह पदाधिकारी जिनको चेयरमेन बनाया था, वह एक काबिल आदमी थे, बड़ा अच्छा काम कर रहे थे, मेरा कोई विरोध ऐसे लोगों से नहीं है । अभी मैंने देखा कि पिछले दिनों बी०आई०एफ०आर० में जिन दो-तीन लोगों को लाया गया, भारत सरकार के तीन-तीन सचिवों को वापिस पेरेंट कैडर में भेजा गया, उनको कहा कि आप बी० आई०एफ०आर० में रहिए, आप देश के बीमार उद्योगों को देखिए । तो वह तो खुद बीमार है और जो देश की सेवा के साथ सही सलूकात नहीं कर पा रहे हैं, तो वह बी०आई०एफ०आर० का क्या इलाज करेंगे मैं इसलिए माननीय मंत्री जी, यह गंभीर मुद्दा है, जो मैं आपके सामने रख रहा हूं । मैं बार-बार यही कह रहा हूं, हिचक यह है कि जिस माहौल में आप यह बिल इंटरोड्यूज कर रहे हैं, रोजाना अखबारों में निकाला जा रहा है, वर्ल्ड बैंक, आई० एम०एफ० के द्वारा कहा जा रहा है कि हिन्दुस्तान के तमाम पब्लिक अंडरटेकिंग को जो घाटे में चल रहे हैं उनको बंद कर दिया जाय । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यदि आप पब्लिक अंडरटेकिंस को इसमें शामिल करेंगे तो यह तो निश्चित रूप से बंद हो जाएगा । कोई बजट एलोकेशन है बी० आई० एफ० आर० के लिए । बी०आई०एफ०आर० के लिए कोई पैसा आप निश्चित करते हैं—हजार-करोड़, दो हजार करोड़, पांच हजार करोड़ उद्योगों को जीवित करने के लिए रखा जाएगा । अगर यह व्यवस्था नहीं है तो फिर

[श्री दिगविजय सिंह]

हिसाब से पब्लिक अंडरटेकिंग्स जिसमें हिन्दुस्तान के लोगों के अरमानों का लाखों, करोड़ों रुपया लगा हुआ है, उन पैसों के माध्यम से आप पब्लिक अंडरटेकिंग्स को कैसे जिन्दा कर पाएंगे । इसलिए आप पहली बात तो यह तय करें कि आज बजट एलोकेशन में बी०आई०एफ०आर० को कितने पैसे देते हैं । अभी तो आपने रहमो-करम पर छोड़ रखा है । कहीं से कोई पैसा लाकर आप दे देते हैं । कौन सा तरीका आप अपनाना चाहते हैं । मैं मंत्री जी, आपसे स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, मैं उन लोगों में से भी नहीं हूं कि पब्लिक अंटरटेकिंग्स चले या नहीं चले, उसको जिन्दा रखो । आज देश की जो समस्या है उसमें मैं इस बात का कायल हूं कि जो संस्था चल ही नहीं सकती उसको चलाकर आप क्या कर पाएंगे । लेकिन जिस तरीके से आप इस बात को सोचने की प्रक्रिया अपना रहे हैं, उस तरीके से हमारा विश्वास इस बिल में नहीं बनता है । इसलिए मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि आप बजट का एलोकेशन करो, आप यह तय करो कि यह बजट के पैसे पब्लिक अंडरटेकिंग्स को दिए जाएंगे ।

दूसरे, मैं आपसे एक और गुजारिश करना चाहूंगा कि श्रमिक संगठनों का सहयोग आपके इस काम के लिए बहुत जरूरी चीज है । अगर आप यह मौका श्रमिक संगठनों को भी दें, या जो उद्योग तो बंद हो गए । अगर आप चाहें तो भारत सरकार बी०आई०एफ०आर०के माध्यम से यह पैसा देने के लिए तैयार हैं, लेकिन आप इस बात का आश्वासन दें, गारंटी दें कि इस संस्था को आगे चलाने का काम आप करेंगे । लेकिन अगर आप सिर्फ बी० आई०एफ०आर० के अंदर पब्लिक अंडरटेकिंग्स को रखकर बंद करने की एक साजिश बना रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि श्रमिक संगठनों का सहयोग और विश्वास आपको प्राप्त हो पाएगा ? इस देश में आज जो उद्योग बंद है, उनके करीब पांच लाख मजदूर इस देश में सड़कों पर घूम रहे हैं । आपने और भी कई नए तरीके अपनाए हैं । उन तरीकों से आप उद्योगों को कैसे चलाएंगे इस बात का कोई स्पष्टीकरण आपकी तरफ से आना चाहिए । मैं आपसे यह भी गुजारिश करना चाहूंगा कि आप एक बात और तय करो कि पब्लिक अंडरटेकिंग्स के साथ जो माहौल है, बार-बार मैं इस बात को इसलिए दोहरा रहा हूं कि एक माहौल इस देश के अंदर ऐसा बनाया गया ।

सरकार उस दिशा में कितना काम कर रही है, मैं नहीं जानता लेकिन सरकार की तरफ से उस माहौल को प्रोत्साहन दिया गया कि पब्लिक अंडरटेकिंग्स का भविष्य इस देश में कुछ भी नहीं बनता । मंत्री यहां संसद में जोर से बोल देते हैं लेकिन बाहर घूम घूम कर इस बात का प्रचार किया जाता है कि जो दबाव अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोश का और विश्व बैंक का सरकार पर पड़ रहा है, उससे मुझे लगता है कि यह कदम सही दिशा में नहीं उठाया जा रहा है । इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आप ऐसा माहौल बनाएं, सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्र के सामने इस बात को तय करें और तय करके इस बात को सिद्ध भी करें कि सचमुच दिल से, मन से उन सरकारी उपक्रमों को फिर से जिन्दा करने का काम करेगी और इस देश में जो माहौल बना है उस को समाप्त करने का प्रयास करेंगे । **(समय की घंटी)**

इसलिए मंत्री जी मैं आपको एक बात कहना चाहता हूं कि आपकी मंशा साफ है या नहीं ? अगर मंशा साफ है तो हमें आपके इस बिल पर कोई ऐतराज नहीं है । आप इस बिल को इस नाते से यहां लाए हैं कि जो बीमार उद्योग हैं उनको ठीक करने के लिए अपनी तरफ से पहल करेंगे और यह मैं समझता हूं कि स्वागत योग्य है । लेकन मैं आपको यह चेतावनी भी देना चाहता हूं कि संसद में तो यह बिल पास हो जाएगा लेकिन जो लाखों मजदूर हैं, करोड़ों लोग हैं जिनका संबंध इससे जुड़ा हुआ है, वह लोग इस तरह से सड़कों पर घूमते रहेंगे, सड़कों पर भूखों मरने के लिए

फिरेंगे तो इस बिल की उपयोगिता न देश के लिए होगी, न ससद के लिए होगी, न उद्योगों के लिए होगी ।

इन्हीं शब्दों के साथ और इस शंका और चेतावनी के साथ आपके इस बिल के बारे में मैं सच्ची जानकारी चाहूंगा । धन्यवाद ।

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने यह जो बिल प्रस्तुत किया है, मैं इसका समर्थन करते हुए यह कहना चाहूंगा कि जिन बीमार उद्योगों की हम बात यहां करते है अगर वे उद्योग वास्तव में स्वत: ही बीमार हों तो बात वाजिब है और उसका उपचार और इलाज किया जा सकता है । लेकिन जहां उद्योगों को इंटेंशनली बीमार किया जाता हो, जहां उद्योगों को बीमार किया जाता हो, जहां उद्योग लगाने वाले खद उनको इस प्रकार चलाते हों कि वह उद्योग बीमार हों और उसी में उनकी स्वार्थ सिद्धि हो तो वहां औपचारिकता की बात मात्र एक निरर्थक बात सिद्ध होती है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बी.आई.एफ.आर. को टीप देने की बात इस बिल के अंदर कही गई है । मैं इस बात के लिए बधाई देता हूं मंत्री जी को कि कुछ न होने से कुछ होना ठीक है । लेकिन मैं इसके साथ ही साथ यह भी कहना चाहता हूं कि बी.आई.एफ.आर. की जो कार्य प्रणाली है, जो कार्यविधि है और उससे जो राह मिलनी चाहिए वह बिलकुल नहीं मिलती है क्योंकि उसके अंदर जितने भी उद्योगों से संबंधित पक्ष होते हैं, चाहे मजदूर हों, चाहे बैंक हों, चाहे मालिक हों, चाहे राज्य सरकारें हों या केन्द्रीय सरकार हो, उससे संबंधित पक्षों से बात करके उसने यह प्रयास किया है कि सभी पक्ष उस बीमार उद्योग के बारे में सेक्रिफाइस कर सकते हैं, अपनी तरफ से वे क्या कंट्रीब्यट कर सकते हैं और सभी पक्ष इस पैकेज के लिए तैयार होंगे तो उस बीमार उद्योग को चलाने और चलवाने के बारे में सिफारिश दे सकता है। सिवाय इसके बी.आई.एफ.आर. के पास उसे चलाने के लिए और कुछ भी नहीं है । लेकिन यह बात अपने आप में विरोधाभास लगती है कि सभी पक्ष जो उस उद्योग से संबंधित हैं क्या इस चीज के लिए राजी हो सकते हैं कि वह सेक्रिफाइस करें ? अगर राज्य सरकार का बाकी हो, केन्द्र सरकार का बाकी हो माना कि सरकार उसके लिए राजी हो जाएगी लेकिन जो बैंक हैं जिसका उसके ऊपर लोन बाकी है यह जरूरी नहीं है कि बैंक उसके लिए राजी हो जाए । इसी तरह से मजदूरों का जो पेमेंट बकाया है तो यह जरूरी नहीं है कि वह उसे छोड़ने के लिए तैयार हो जाएं या उस बीमार उद्योग को चलाने के लिए अपनी तरफ से कुछ दें ।

कोई मदद दे या कोई सहायता की व्यवस्था करे और सबसे बड़ी जो बात इसके अंदर है वह यह है कि जब कोई मामला बी.आई.एफ.आर. में चला जाता है तो मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि बी.आई.एफ. आर. में जाने के बाद वह उद्योग तो बंद है और बी.आई.एफ.आर. बड़े आराम से उसकी डेट्स निकालता है साल, दो साल, तीन साल, चार साल में उसका फैसला करता है लेकिन वह इस बात की नहीं सोचता कि यह मामला बी.आई.एफ.आर. में जाने के बाद वहां जो मजदूर काम कर रहा है उस मजदूर की तनख्वाह बंद हो गई है, उस मजदूर की मजदूरी बंद हो गई है । अगर 5 साल वह मामला बी.आई. एफ. आर. में चलेगा तो उसकी तनख्वाह कौन देगा, उसका पेट कौन भरेगा । इसको न तो बी.आई.एफ.आर. सोचता है और न सरकार सोचती है, न मालिक सोचता है ।

मैंने शुरु में कहा कि जो उद्योग स्वत: बीमार हों उनका तो इलाज किया जा सकता है लेकिन जिन उद्योगों को जान-बूझकर बीमार किया जाता है अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए, चाहे सब्सिडी प्राप्त करने के लिए, चाहे लोन प्राप्त करने के लिए, उन सबकी प्राप्ति के लिए उद्योग लगाएंगे, फिर बीमार करेंगे और फिर बी.आई.एफ.आर. तक पहुंचा देंगे ।

[डा० अबरार अहमद]

वहां उस उद्योग के बीमार होने पर बी.आई.एफ.आर. में पहुंचाने के बाद मजदूर का जो वेतन बंद हो जाता है, उसके बारे में माननीय मंत्री जी क्या सोच सकते हैं? चार साल अगर वह मामला बी.आई.एफ.आर. में पड़ा रहा तो चार सालों तक मजदूर का क्या होगा, जो उस उद्योग के अंदर काम करता था। उसको मजदूरी कौन देगा? उसके बच्चों की फीस कौन देगा? उसके बच्चों को कपड़ा कौन देगा? मैंने इस संबंध में कई बार इस सदन के अंदर इस बात को उठाया है क्योंकि मैं उस जगह का रहने वाला हूं, सवाई माधोपुर का, जहां एक सीमेंट फैक्टरी थी, जो किसी जमाने में एशिया की सबसे बड़ी सीमेंट फैक्टरी हुआ करती थी। वह बीमार उद्योग के रूप में बंद हुई। बंद होने के बाद उसका मामला बी.आई.एफ.आर. में आया और बी.आई.एफ.आर. में आने के बाद वह मामला चलता रहा। मैंने इसे इस सदन में कई बार उठाया। अलग-अलग प्रधानमंत्री आए, उनको मैंने कहा। उद्योग मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति में मैं था, वहां मने कहा लेकिन साढ़े चार, पौने पांच साल तक उसका कोई फैसला नहीं हुआ और वहां के जो मजदूर थे, पांच हजार मजदूर थे, मैंने अपनी आंखों से उनकी हालत देखी है।

उनके बच्चे स्कूलों में पढ़ते थे, उन्होंने स्कूलों में पढ़ना छोड़ दिया, भीड़ियां बनाना शुरु कर दिया। पत्ते लाना शुरु कर दिया, लकड़ी काटना शुरु किया। जो बच्चे स्कूल-कालेज में पढ़ा करते थे, उनकी पढ़ाई छूट गई। भुखमरी से लोग मरने लगे। बीमार होने पर इलाज न होने की वजह से लोग मरने लगे और उनकी हालत ऐसी कंगाली की हो गई कि मैं बयान नहीं कर सकता। इस तरह उपाध्यक्ष महोदय, मैंने जब भी यह सवाल पूछा, चाहे संसद के अंदर पूछा, चाहे संसदीय सलाहकार समिति के अंदर पूछा, चाहे प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर पूछा, चाहे उद्योग मंत्री को पत्र लिखकर पूछा, मुझे एक ही जवाब मिला कि मामला बी.आई.एफ.आर. में चल रहा है। न मालूम कितने ऐसे उद्योग हैं जो बीमार होकर यहां आए होंगे, लेकिन उन पांच सालों में उस मजदूर की जो हालत हुई, वह मैं आपको बता नहीं सकता।

तो माननीय मंत्री जी बी.आई.एफ.आर. के अंदर जो बाद आएंगे और जितने समय तक वे बाद चलेंगे, क्या आप अपने बिल के अंदर या इस बिल में नहीं तो आगे किसी आने वाले बिल में ऐसा प्रावधान करेंगे कि जब वह बाद बी.आई.एफ.आर. में जाता है तो उस समय में भी उस मजदूर की रोजी-रोटी चलती रहे, उसे बच्चों को पेट भरने के लिए कुछ मिलता रहे, उसके बच्चों को स्कूल-कालेज जाने की फीस मिलती रहे। अगर इस तरफ से आपका बी.आई.एफ.आर. बिल्कुल आंखें बंद करके बैठा रहेगा तो उन बेचारे मजदूरों का क्या होगा?

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो भी सुधार आप इस बिल के माध्यम से बी.आई.एफ.आर. में करना चाहते हैं उसका तो स्वागत है लेकिन जो एक पक्ष और बी.आई.एफ.आर. के अंतर्गत किसी भी उद्योग से संबंधित जो दूसरे पक्ष हैं, चाहे मैंने उसमें गिनाया बैंक, चाहे मैंने उसमें गिनाया राज्य सरकार या केंद्र सरकार, चाहे उसके अंदर उस उद्योग का मालिक, उन पर इतना प्रभाव नहीं पड़ता है लेकिन एक मजदूर पर इसका बहुत प्रभाव पड़ता है कि कोई उद्योग अगर बीमार हो जाता है तो उसके कारण से सबसे ज्यादा जो प्रभावित होता है वह मजदूर होता है। क्या बी.आई.एफ.आर. उस मजदूर के पक्ष को भी सोचेगा और जितने दिन उस उद्योग के बंद होने के बाद बी.आई.एफ.आर. के अंदर वह बाद चलेगा, उतने दिन उस उद्योग के मजदूर की आजीविका कैसे चलेगी, क्या उसको मालिक पैसा देगा या सरकार देगी या बैंक देगा या किस प्रकार से उसकी सहायता की जाएगी। क्या इस संबंध में आप इस बिल में या आने वाले बिल में आप विचार करेंगे, कुछ प्रावधान रखेंगे?

इन्हीं शब्दों के साथ इस बिल का स्वागत करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद ।

SHRI S. MADHAVAN (Tamil Nadu): Sir, I welcome this Bill. The powers of the Board are being enlarged by this new Bill. There has been a long-pending request from the , Board to enlarge its -powers so that they can implement their schemes to revive the sick units because the Board had always found it difficult to frame schemes and implement them because if lack of powers.

The success of the schemes fromed by the Board will depend upon the financial concessions agreed to be given by the financial institutions and the concerned State Governments. And the delay in implementing the concessions agreed to by those financial institutions will also lead to difficulties in implementing the schemes framed by the Board. The main cause for failure in reviving the sick units are the non-cooperation of the financial institutions and the edlay in sanctioning tax cincessions by the State Governments.

Generally, the workers are blamed by some sections. But it is not true. The Board itself has commented in its report that the workers' are, generally, very cicnerative; labour is the one party which makes the maximum sacrifice. So, there is no use of the Central Government throwing the blame on the trade unions or the workers. The genrael policy is to see the public interest, the employment of the workers and the development of the backward where these sick industries are located. There were hte guidelines for the Board to take up the revival of the sick units.

Sir, I have given notice if some amendments. I don't move those; amendments but would ask the Minister to consider certain amendments which are against the basic principles of theprincipal Act itself.

Section 3(1) is being amended to reduce the period from seven years to five years. I don't know what the rationale behind fixing the number of years to decide the sickness is. The provision in the principal Act for determining the sickness of an industrial company is seven years. Now it is being reduced to five years, What is the rationale behind this reduction from seven to five years? What is the significance? I think this period of seven years or five years is not at all required. The Board has commented—and I quote the Board's report:

> "In Capital intensive industries where the incidence of depreciation is quite heavy, ni the initial years it is quite possible for a company to erode its net worth completely in less than five years. A good number of cases referred to the BIFR are virtually mortuary cases."

So, there is no use of referring the cases to the Board as a post mortem operation. Therefore, I request the Minister to consider entirely dropping the period of seven yeas or five years and give the discretion to the Board. While they decide about the sickness, they must take action under the Act. Another amendment is that of section 8. The Minister's intention is to elarge the powers of the Board. But by this amendment, the Minister fe taking away the existing powers of the Board. The Board and the Appellate Authority may appoint such other, officers and employees as may be necessary, according to the rules prescribed by the Government under. the Act. But now the,Minister wants to take away that power and entrust to the Central Government the work of sanctioning the posts required for the Board. Why does the Minister Want to curtail the power, take away the existing power of the Board? It will further slacken and delay the functioning of the Board itself. So, I request the hon. Minister to consider deletion of this amendment so

[Shri S. Madhavan]

that under the eixisting provision itself the Board will have the power to create posts because the Minister knows, of course, that it is very difficult to get sanction of new posts from the Finance Department. I think it it will go against the intention of the Minister.

Another section, section 18, deals with preparation and sanction of schemes. The Minister has brought one amendment which goes against the principal Act. What is the purpose of +his amendment? The original Act says:

> '.. .providing for taiy pnie or more of the following measures..."

What are the measures?

> "the reconstruction, revival or rehabilitation of the sick industrial company;"

But, now the Minister wants to restrict the ambit of the section. The amendment says only:

> "the financial reconstruction of the sick industrial company;"

Why does the Government want to restrict the power? You are conveying a wrong signal to the working class by this amendment.

I want to bring to the attention of the hon. Minister the fact that the Minister who piloted the principal Act on the floor of Parliament, the then Finance Minister, has stated very clearly, "Rehabilitation is the main plant of this BiE." But now the present Finance Minister wants to take away the Rehabilitation Board from this Act. I do not know the purpose. This will convey a wrong signal. No purpose will be served. So, the amendment shoud be dropped. I request the Minister to consider this aspect.

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 1992 पर जो चर्चा करने का अवसर दिया है उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । मुझे बडी प्रसन्नता हुई कि हमारी सरकार ने सार्वजनिक रुग्ण प्रतिष्ठानों को स्वस्थ करने की प्रक्रिया में जो कदम उठाया हैं, इस बिल को लाकर, उसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी और श्री दलबीर सिंह जी जो हमारे राज्य वित्त मंत्री हैं, उनको हृदय से अपनी बधाई देता हूं ।

हमारे देश में सरकारी आंकडों के अनुसार 25 लाख सरकारी कारखाने हैं जिनमें से 2 लाख 18 हजार बीमार हैं । इसलिए अगर उनके उपचार के लिए सरकार कोई कदम नहीं उठाती है तो उसकी जिम्मेदार सरकार पर होती है । और जिस तरह से आर्थिक स्थिति के लिए चाणक्य ने कहा है—

धर्मर्थि काम . .तत्वज्ञो नैकान्त कररुणोभवेत: ।

यदि राष्ट्र में कोई आर्थिक कमजोरी होती है, यदि राष्ट्र में आर्थिक स्रोतों का ह्रास होने लगता है तो उस समय यदि शासन कठोरता से उसके उपचार के लिए नहीं खडा होता है तो उसके लिए शासन ही दोषी रहता है । मैं आपको पुन: बताना चाहता हूं कि इस बिल का जो मैंने अध्ययन किया है उससे पता चलता है कि इसमें तमाम संशोधनों का प्रावधान किया गया है । संशोधन मुख्य तीन प्रकार के हैं जिनमें पहला है औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन ब्यूरो और दूसरा संशोधन है कि पहले विद्यमान अस्पष्टताओं को दूर करके उसे और अधिक समरस बनाने हेतु संशोधनों और तीसरे इसमें क्षेत्रीय अधिकारों संबंधी संशोधनों है । पहले संशोधन की बात ध्यान में रखने के बाद मैं समझता हूं कि उपरोक्त संशोधनों से जहां बीमार ईकाइयों को पुनर्जीवन प्राप्त होगा वहां पहले हमारी औद्योगिक नीति में जितनी खामियां हैं वे भी दूर की जाएगीं ।

इस बिल में धारा 3 का जब मैंने देखा तो उससे मुझे सर्वाधिक प्रसन्नता हुई कि जो अस्वस्थ कंपनियों, प्रतिष्ठानों की अवधि सात साल की थी, उसको पांच साल कर दिया गया । धारा 3 की उपधारा से बीमार कंपनी की संशोधित परिभाषा सार्वजनिक हित में है । इसी तरह धारा पांच में, मूल अधिनियम में संशोधित धारा को लागू करने से मुझे विश्वास है कि वर्तमान बोर्ड अधिक प्रभावी होंगे और उनके अधिकार भी बढ जायेंगे जिससे उन्हें स्वस्थ करने में विलम्ब नहीं होगा ।

तीसरा, धारा 13 की उपधारा 3 के अनुसार यह संशोधन बहुत ही उपादेय है । बिना एजेंसी या बिना किसी माध्यम के स्वयं अस्वस्थ कंपनियों के विषय में कार्य निष्पादन किया जा सकता है और अविलंब ही उनको स्वस्थ किया जा सकता है । धारा 18, 19, 20, 21, 22 के प्रस्तावित संशोधन सराहनीय हैं । इन संशोधनों के माध्यम से मूल अधिनियम की विसंगतियां तथा और भी जितने संदेहास्पद प्रावधान हैं, उनको दूर किया गया है । सार्वजनिक प्रतिष्ठानों जिस तरह से रुग्ण हैं, यदि वे स्वस्थ हो जायेंगे तो हमारी आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ होगी । इसमें वास्तविक स्थिति क्या है कि किसी भी उद्योग में प्रवेश करने के लिए सभी उद्यमियों को उससे संबंधित सभी बातों पर ध्यान देना होता है । जो हमारे प्रतिष्ठान रुग्ण होते हैं उसके कारण होते हैं, पहला तो स्थानीय जमीन की स्थिति और दूसरा उद्योग का प्रकार, तीसरी पूंजी, चौथा कच्चेमाल, पांचवां मशीन और साधन, छठा मजदूर, सातवां तैयार माल और बाजार और जो उद्योग या प्रतिष्ठान लगाने वाले इस क्षेत्र में आते हैं उनको यहां कई विसंगतियों के बीच में होकर गुजरना पड़ता है जैसे उत्पाद शुल्क निरीक्षण, औद्योगिक निरीक्षक श्रम निरीक्षक फैक्टरी निरीक्षक विद्युत निरीक्षक स्थानीय निकाय निरीक्षक, नापतौल निरीक्षक, पर्यावरण निरीक्षक मापक निरीक्षक, बिक्रय कर निरीक्षक आयकर निरीक्षक, वित्तीय संस्थायें और बैंक, इन सब विसंगतियों से, इन सब संस्थाओं से होकर वह उद्योग लगाता है । लेकिन इतना करने के बाद जब वह उद्योग लगाता है, जो मैं यह कह रहा हूं कि इसमें अगर सरकार से, शासन से, स्थानीय निकायों से उसे पूरा सहयोग न मिला तो उस के बीमार होने के बहुत अवसर रहते हैं । मैं यह नहीं कर रहा हूं कि केवल इसी से होता है जो मिलें रुग्ण होती है । मैं यह भी कहता हूं कि रुग्ण होने का कारण जो प्रतिष्ठान लगाने वाले हैं, जो हमारे देश के पूंजीपति हैं, इसमें उनका भी हाथ होता है । मैं आपके उदाहरणार्थ बताना चाहता हूं कि मैं ऐसे लोगों को भी व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि उनके परिवार में झगड़ा हुआ और इन प्रतिष्ठानों के लगाने वाले परिवारों ने, जो धन उन्होंने सरकार से लिया था, उस धन को निकाल कर दूसरी जगह लगा दिया और वे प्रतिष्ठान पिट गए । तो मैं समझता हूं कि यह राष्ट्र के लिए बहुत ही घातक है । तो इसमें अगर सरकार कोई नियन्त्रण प्रक्रिया प्रारम्भ न करती तो इसके लिए सरकार ही दोषी होती । इसलिए सरकार ने जो इस प्रक्रिया को शुरू किया, उसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं और इसके समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं ।

दुखस्य मूल धर्म:
धर्मस्य मुल अर्थ:
अर्थस्य मुल रजयम, —चाणक्य ।

तो जो समाज में दुख है, वह इन आर्थिक विसंगतियों से ही है । मैं अभी दो-तीन दिन पहले इसी विधेयक के ऊपर जब पढ रहा था तो पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की वह बात मेरे सामने आयी कि जो हमारे रुग्ण संस्थान हैं, उनको चलाने के लिए यदि हम लोग कहीं दूसरी जगह से ऋण लेते हैं तो हम राष्ट्र के ऊपर काफी बोझा डालते हैं । इसलिए इससे हमें मुक्त होना चाहिए । उन्होंने समाज के विषय में भी कहा था कि :

"economic backwardness is the cause of social backwardness. We want to put an end to all those infiniett divisions that have grown

[श्री शिव प्रताप मिश्र]

up in our social life. We may call them by any name you like. Casteism etc. They are backward in many ways — economically, socially and educationally."

जब आर्थिक विषमता होती है तभी संघर्ष होता है। यह आदिकाल से ले कर आज तक है। यहां कोई जन्म से पहले सिद्धान्तों के अनुसार न कोई जाति थी, न कोई धर्म था। मैंने ऋगवेद काल से अध्ययन किया तो उसमें एक ही चीज ही हुई थी कि–

हिरण्यगर्भा: समवर्तग्रि
भूतस्य जास्य पतिरेक आसित।

समस्त सृष्टि के उद्भव का कारण हिरण्यगर्भ था। पुनः जब मैंने महाभारत काल का अध्ययन किया तभी मैंने उसमें पाया–

चातुर्यवर्ण्यम्मया सृष्ट्वा गुण कर्म विभागश:

जन्म जिसका हुआ है वह उसके कर्म और गुण के आधार पर उसका निर्धारिण हुआ है। जहां पर आर्थिक स्थिति से व्यक्ति ऊंचा रहता है वहां उसका समाज में अपमान नहीं होता है। आज भी मैं देखता हूं यहां पर इस सदन में और उस सदन में भी बहुत से लोगों को मैं जानता हूं। हमारे कई मित्र हैं मध्य प्रदेश के जिनके संबंध हमारे उत्तर प्रदेश में हैं। जैसे खैरागढ़ हिज़ हाईनेस थे, सारंगगढ़ हिज़ हाईनेस थे, त्रिपुरा की महारानी सांसद है। यह लोग ट्राइबल हैं लेकिन इनकी आर्थिक स्थिति ऐसी ऊंची है कि सामाजिक दृष्टि से जो उच्च परिवार हैं उनके यहां इनके संबंध हैं, वैवाहिक संबंध हैं। इसलिए आर्थिक स्थिति में हम लोगों के जब तक प्रतिष्ठान ठीक नहीं रहेंगे तब तक हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहेगी, तब तक हमारे समाज में समानता नहीं आ सकती है। इसी को मैं अध्ययन कर रहा था। दार्शनिक प्लेटो ने कहा था जिसमें उन्होंने समाज की तुलना मनुष्य के शरीर से की थी। उसने कहा जैसे शरीर में एक अंगुली के कट जाने से पीड़ा होती है उसी तरह से समाज में यदि कोई वर्ग नीचा रहता है तो आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा रहता है तो हमारा समाज स्वस्थ नहीं कहा जा सकता है। उसमें प्रतिष्ठान का बड़ा सहयोग रहता है। इसको दूर करने के लिए जो दुख है, जिससे पीड़ा हो और जो सुख है जिससे सुविधा प्राप्त हो, इसको ध्यान में रखने के लिए ही हमारे राष्ट्र का दर्शन था।

अष्टादस पुराणेषु व्यासस्य वचनं द्वयम्
परोपकाराय पुण्याय पापाय पर पीडनम्।

इसका सार था कि दूसरों को जितने हमारे साथी हैं और जो भी प्राणी हैं उनको पीड़ा न देना। यह सब से बड़ा धर्म है। लेकिन आज समाज में जो आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा है, वह पीड़ा का ही भागी हो रहा है। उसको सुख कहीं नहीं है। इसलिए हमारे दर्शन में रतिदेव ने कहा था–

नाहमम् कामये राज्यम् ना स्वर्गमन दुर्भवाम,
कामये दु:ख तप्तानाम् प्राकृिनामार्तिनाशनम्।।

मैं न राज्य चाहता हूं, न स्वर्ग चाहता हूं, मैं दुखी प्राणियों की पीड़ा से मुक्ति चाहता हूं। इस सिद्धान्त को देखते हुए मैं यह सोच रहा हूं कि यह जो विधेयक आया है, यह अच्छा है। लेकिन इसमें इस बात अन्य साथियों ने कही है कि बिल को लाने से बेरोजगारी बढ़ेगी। बेरोजगारी के लिए भी इसमें एक प्रावधान दिया हुआ है कि इसमें सरकार पुनर्वास फण्ड बनायेगी। जो उद्योग रुग्ण हो गये हैं, उनको स्वस्थ करने की बात की जाएगी। लेकिन जो उद्योग नहीं चल सकते हैं, उन उद्योगों के जो कर्मचारी हैं उनको पुनर्वास फण्ड से दूसरे कारोबार दिये जाएंगे। इस कार्य से उनको बेरोजगारी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस बिल में हमें ऐसी कोई कमी नहीं लगी जिससे यह आर्थिक स्थिति न सुधर सके। अभी हमारी आर्थिक नीति में काफी बदलाव आया है। उसमें हम लोगों ने कहा कि जो उद्योग नहीं चल सकते

हैं उनको निजीकरण में दे दिया जाए, प्राइवेटाइजेशन में दे दिया जाए या उन्हें स्वस्थ किया जाए। यदि स्वस्थ न हों तो उनको बंद कर दिया जाए।

श्री शिव प्रताप सिंह (क्रमागत) : तो मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति यदि समाज में आर्थिक दृष्टि से आप उसका उत्थान नहीं करेंगे तो वह वन में रहना तो कबूल कर लेगा लेकिन आपके समाज में अपमानित होने के लिए जीवित रहना नहीं चाहेगा। इसकी भी एक उक्ति थी :

वरंवनं व्याघ्र गजेन्द्र सेवितम्,
द्रुमालयं पक्कफलाम्बु भोजनम्
तृणानिशय्या परिधान वल्कलम्,
न बन्धु मध्ये धनहीन जीवनम्॥

मैं पेड़ के नीचे, समाज का सम्मानित, आपके ही परिवार का व्यक्ति, रहने के लिए तैयार हूं और वृक्षों के फल को खाकर जीवित रहने के लिए तैयार हूं और वस्त्र के रूप में पेड़ों की छाल पहनने के लिए तैयार हूं—अभी भी हमारे देश में कुछ ऐसे भाग हैं जिनमें इस तरह के प्राणी रहते हैं, इसी तरह से खाते हैं, इसी तरह से वस्त्र पहनते हैं परंतु उस समाज में जब उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहती है, कोई रोजगार नहीं मिलता है, उनको सम्मान नहीं रहता है तो वे इस असमानता से विक्षुब्ध होकर दूर ही रहना चाहते हैं।

इसके लिए और भी मैं सुझाव देना चाहता हूं मंत्री जी को कई उद्योगों को मैं जानता हूं। मैं उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं...(*समय की घंटी*) मैं दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं।

गोरखपुर में एक खाद का कारखाना है। यह करीब दो साल से बंद पड़ा है। इसमें लगभग 2,500 लोग कार्यरत थे। इसके बंद होने से लगभग 5 हजार परिवार तबाह हो रहे हैं। इस कारखाने में यूरिया उत्पादन की क्षमता 900 टन प्रति दिन थी जिसकी कीमत 70 करोड़ रुपये होती है अब इतना ही यूरिया बाहर से मंगाना पड़ता है जिसकी 90 करोड़ लागत होती है। 20 करोड़ ज्यादा होता है। इसके लिए एक कुशल समिति बैठी है जिसकी रिपोर्ट के अनुसार 50 करोड़ रुपये यदि सरकार इसमें लगा दे तो यह 8 वर्ष तक और चलता रहेगा इतना ही बडा कारखाना लगाने पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा इसलिए 50 करोड़ ही लगाकर इसी कारखाने को क्यो न चलाया जाए।

दूसरे कारखाने का उदाहरण तालचर उड़ीसा में है। तीसरा कारखाना हमारे माननीय प्रधान मंत्री के आन्ध्र में है और पहला गोरखपुर उत्तर प्रदेश। तीनों ही फर्टिलाइजर कारपोरेशन के कारखाने हैं और बंद पड़े हैं। परंतु गोरखपुर का कारखाना ज्यादा अच्छी हालत में है। इसलिए गोरखपुर वाले को चलाना चाहिए। वहां रामगुंडम और तालचर वाले को भी चलाना चाहिए क्योंकि रामगुंडम प्रधान मंत्री का क्षेत्र है। क्षेत्र की बात नहीं है। वहां पर जितने लोग बेरोजगार हो गये हैं, इन प्रतिष्ठानों में, उनको रोजी रोटी मिल जाए और वे बेकार न हो सकें, इन सब चीजों का, जो मंत्री जी बैठे हैं उनको सुझाव देते हुए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

SHRI N. GIRI PRASAD {Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman,- Sir, the sick Industrial Companies .(Special Provisions) Act has been there on the statute book for the last six year, or so. Many cases were refr-red to the BIFR. But, so far, according to the Minister's statement yesterday; only a little more than 1000 cases have been settled, But the sickness in the industry is . all-pervading. More than 2J Jakh unite; both small and big: are affected by

[Shri N. Giri Prasad] sickness or are closed down. Lakhs of workers are thrown out of employment. When that is the State of affairs, the BIFR, under this Act; even if it is. strengthened with some more powers, will not be able to solve the sickness in the industry. According to statistics! more than Rs. 10,000 crores of bank credits were locked up in these units. If that capital was free and utilised, some more new industries would have come up. But new industries are not 'able to come because there is no capital with the banks. And nowadays, the banks are also involved in scams. Another Rs. 4,000 crores have gone somewhere else. So when sick industries are increasing in number and the bank credit is decreasing in quantum, I want to know from the Minister how the Government is going *to* solve this problem. By bringing this Amendment Bill, by reducing the period of sickness from seven years to Ave years, it is not going to solve the pro-. blem. Even if the BIFR could solve some units and alvise the financial institutions! to prop up, that will be possible only in a handful of cases, the sickness a whole cannot be removed. The sickness is caused by various factors; especially with regard to industries there is a lot of cost overruns, time overruns, under-utilisation of capacities and more than these things the inflationary pressure on the economy also is causing many problems. Especially cost inputs like raw material and power tariff are causing this sickness. Moreover, bank credit is also not available to many factoies. Without providing working capital from the banks they cannot solve these problems. When all these problems are affecting the industries, causing sickness, the Government wants to solve this problem with this present BUI. So the disease is' at one place, the Government wants to solve it at an-other place! This treatment will not .be helpful to the cause of removing sickness'. The Government's, main intention is to retrench the people.

The agenda has been shifted. Manj people in the country especially the unemployed are agitating for more jobs, but the Government is unable to protect the jobs. Even in the pub lie sector they want to throw awaj more than 4J lakhs. Without tha they will not be able to solve them This so-called Nationial Renewa Fund, in fact, is only a national re trenchment fund. The Goverment': intention is also the same. So b: retrenching people in the name o voluntary retirement or the so-called Golden Handshake it will not solve this problem. Many Members have also spoken about this. If the work ing class is removed and is thrown out on the streets, the sickness will affect the Government also. The Go vernment cannot rule by removing the workers from the factories. So the Goverment must change their economic policies. Without changing the economic policies, without trying to produce more wealth and create infrastructure to develop more inlus tries and to banish all these time lags and also cost overruns, withou solving these problems, the Govern ment will not be able to remove thi sickness. The sickness cannot be re moved by resorting to seen amend mente to the S.I.CA.

In the end, I want to slay if the Government is serious to solve this sickness _ it has to sit with the work ers There was a mechanism. As fai a_s I konw, in many places there wa; a tripartite mechanism where work ers., leaders or unions and also managements and Governments wen discussing how to revive their units how to bring help to those units, hov to protect the employment and hov to generate wealth. These were th< problems[1] before the tripartite commit tees. In many places workers! ar< very conscious to save themselvei and to save the industries 'also. Bu the Government want to absolve it self of its responsibility of revivinf these units and they want to have s short-cut by throwing these units t(

BIFR. The BIFR will sit over them for many many-years and we will not be able to solve their problems. Lastly I want to say that this BIFR is just like a court. Without help from the financial institutions and banks they can not solve their problems. So ultimately the matter has to be solved by the financial institutions and banks which are controlled by the Government. Therefore, the Government must Jhave a policy. I want to suggest to the Government that they must instruct the financial institutions and banks which have provided capital to these units already to provide more Capital wherever necessary for revival and with their participation and involvement t© help them and to nurse them to health. If the Government is prepared to do that they will find some ways. If they simply refer these cases of sick industries to the BIFR, they will think over it for many years and they will not be able to solve the problems. The financial institutions and banks also will not take the responsibility for helping them. So, my suggestion to the Government is that they have to change their priorities, they have to change their policies and they have to change their methods also. If the Government is serious they should direct the financial institutions and banks to provide working cipital wherever necessary and increase the budgetary allocation to the public sector. It is only by such methods and with the cooperation of the workers that they can achieve some positive results in terms of saving the present sick industries. Thank you.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA' (West Bengal): The Bill' has been discussed quite at length the Bill concerning the earlier Act on sick industries, to amend the original Act keeping in view the experience that the Government has gained. . Noncommittal things have been used in explaining the aims and objects of this Amendment Bill. The question is whether this Bill improve the condition of the sick industries. Sick and closed industries are in lakhs in number in India at present. Most of them are private sector industries and quite a good number of them are in public sector. Earlier, in the course of a debate in this House I had an occasion to pose » question to the then Industries Minister that it was our experience that industries had become sick but not the industrialists. Industrialists really thrive at the cost of the industries. The process has never been, not to say reveresed even arrested. The current jargon, a bit colloquial, "upturning Ganesh" in industries and business is a very common practice and the more a business man or an industrialist is upturning Ganesh the more he is reputed as an industrialist in our country. This legacy or this tradition must be ended if you want to end sickness in industries. Much has been made of BIRF. I cannot claim as 3.00 P.M. wide an experience about this organisation as Shri Sunil Basu Ray. But whatever little I did see, it is the feeling of small industries that as soon as they are referred to the BIFR, they are really sent to the mortuary. It really becomes *a.* warrant for their liquidation. Sickness arises out of different factors. It has been discussed usually. The practice is to blame the workers out of hand -from the side of the Government from the side of the industrialists and even from the side of the Press. The question of work culture is raised that in our country work culture has declined. Then as a result the industries are becoming sick more and more. I give you an example. In one organisation workers were prepared to conform to any norm and they agreed to forego any bonus for productivity in order to keep the organisation going. But the administration and the Goverment, both, non-cooperated with the workers. The administration was without any finance officer who could exercise constraint over the expenses incurred in the company. A»

[Prof. Saurin Bhattacharya] appeal was made to the Government so tnat this thing could be remedied. A competent finance officer was appointed with a regular administration and working capital. That company has an order of more than Ks. 74 erores. Still that is made to be a sick company, a sick industry. If this is done under the direct aegis of the Government how is it possible for «s to accept the *bona fides* of the Government? If the original Act was something really a reassurance for the industries, any amendment of it could have been considered in that light. Therefore, this amendment Bill, a$_s$ is the parent Act, cannot be taken in that light would fully endorse the demand made by Shri Sunil Basu Ray that this amendment Bill be withdrawn. I would add that the original Act also be held in abeyance and proper steps be taken for improving the condition of the industries throughout the country without listening to the dictates of the World Bank or the IMF and without pining for creating inroads for the multinationals from abroad and monopoly capitalists from our own counrty.

श्री शंकर दयाल सिंह : (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने जो विचार हेतु यह विधेयक रखा गया है, रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 1992, इस संबंध में मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता, केवल एक पक्ष की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और वह पक्ष है, इसी के अंतर्गत वह खादी संस्थाओं की अभी जो स्थिति हो रही है, वह केवल खादी संस्थाओं की ही करूण स्थिति नहीं है बल्कि देश की रचनात्मक वृत्ति, गांधीवादी मनोवृत्ति और जिस चरखे को और खादी को लेकर गांधी जी ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी, उसके प्रति सरकार की उपेक्षा की नीति इससे झलकती है।

